Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to restore Old Pension Scheme to Teachers and Employees of Navodaya Vidyalaya Schools.

श्री दिलेश्वर कामैत (**सुपौल**): सभापति महोदय, देश के नवोदय विद्यालय ग्रामीण उम्मीदों को पंख लगा रहे हैं। ग्रामीण स्तर पर शिक्षा की रोशनी फैलाने का काम नवोदय विद्यालयों ने करके दिखाया है। इस सफलता का श्रेय नवोदय विद्यालय के शिक्षकों को जाता है, जो अपने परिवार और सामाजिक परिवेश को छोड़कर 24 घंटे कैम्पस में रहकर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इस महान सफलता के पीछे का दु:खद पहलू यह है कि ये शिक्षक विषम हालातों में काम करने वाले नवोदय विद्यालय के समस्त कर्मचारियों को सीसीएस 1972 पेंशन जैसी सामाजिक सुरक्षा की सुविधा से वंचित रखा गया है, जबकि सीबीएसई, सैनिक स्कूल, रेलवे स्कूल, एनसीईआरटी, एनआईओएस, तिब्बतन स्कूल आदि के कर्मचारियों को यह सुविधा प्राप्त है। मेरा सदन के माध्यम से सरकार से आग्रह है कि 1 जनवरी, 2004 के पहले के नवोदय विद्यालय के समस्त कर्मचारियों एवं शिक्षकों के लिए इस ओल्ड पेंशन की सुविधा बहाल की जाए।

माननीय सभापति : श्री चन्द्र प्रकाश चौधरी जी- उपस्थित नहीं।

माननीय सभापति: अब जीरो ऑवर का सबमिशन है। आज की सूची में यदि किसी का नाम रह गया हो, तो उसे अवसर दे दिया जाएगा।

श्री रितेश पाण्डेय जी।